हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 16 अप्रैल 2025


तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


12 मंत्री वर्मा ने किया पुस्तक का विमोचन शिक्षक का...





14 संविधान निर्माण में डॉ. आंबेडकर की भूमिका...











## खबर संक्षेप



### ठंडा पानी के लिए तुमड़ी का उपयोग

**मैनपुर।** भीषण गर्मी के दिनों में जहां एक ओर लोग फ्रीज का ठंडे पानी का उपयोग करते है। वहीं दूरस्थ वनांचल आदिवासी ग्रामीण क्षेत्रों में ठंडा पानी के लिए ग्रामीण तुमड़ी का उपयोग करते हैं तुमड़ी लौकी को सुखाकर बनाया जाता है। लौकी जब सुख जाता है तो उसके अंदर के बीज व अन्य सामाग्री को बाहर निकाल दिया जाता है और वह जब पोला हो जाता है तो चारो तरफ उसमें रस्सी से बांधा जाता है और उसे पानी में भिगोया जाता है और इस तुमड़ी का पानी काफी ठंडा रहता है जिसका उपयोग वनांचल क्षेत्र में ग्रामीण जंगल व सफर के दौरान करते है।

### वन्यप्राणियों के सुरक्षा के लिए दीवार में चित्र बनाकर लोगों को किया जागरूक



**मैनपुर।** लगातार वन्यप्राणियों की सुरक्षा के प्रति उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन द्वारा अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इन दिनों गांव -गांव सरकारी भवनों में वन्यप्राणियों का चित्र बनाकर लोगों को जनजागरूक किया जा रहा है।

### क्रूरतापूर्वक मवेशियों को ले जा रहे दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** क्रूरतापूर्वक मवेशियों को ले जा रहे दो लोगों के खिलाफ सरायपाली थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। गौरक्षक मयंक पाणिग्रही ने रिपोर्ट लिखाई है कि उसे 13 अप्रैल को एक व्यक्ति द्वारा गौवंशी मवेशियों को मारते पीटते पैदल हांकते ओडिशा की ओर ले जाने की सूचना फोन से मिली थी। इसके बाद वह अपने साथियों के साथ घटनास्थल जोगनीपाली पहुंचा। जहां जोगनीपाली पठार के पास मवेशियों को सुरक्षित किया। प्रार्थी ने बताया कि उदय बंजारा एवं अंगद यादव द्वारा 6 बैलों को क्रूरतापूर्वक हांकते हुए ले जाया जा रहा था।इस दौरान अंधेरे का फायदा उठाते हुए वहां से एक व्यक्ति भाग खड़ा हुआ जिसका नाम अंगद यादव पता वार्ड क्र- 07 झिलमिला बताया गया।

### जन चौपाल में सुनी समस्याएं दिए निराकरण के निर्देश

**महासमुंद।** हर मंगलवार को आयोजित जन चौपाल में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से लोग अपनी-अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आज कलेक्ट्रेट पहुंचे। जन चौपाल में लोगों ने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से एक-एक कर मुलाकात की और उनके समक्ष अपनी मांगें व समस्याएं रखी। जन चौपाल में आज अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 46 आवेदन प्राप्त हुए।

**आरोप :** महिला नगर सैनिक की हत्या मामले में भाई ने लगाया आरोप

# अनियमितता का खुलासा करने की कीमत बहन को जान देकर चुकानी पड़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

महिला नगर सैनिक ओमिका ध्रुव की हत्या मामले में अब एक नया मोड़ सामने आया है। मृतका के भाई गावेंद्र ध्रुव ने वीडियो बयान जारी कर इस हत्या को योजनाबद्ध बताया है। उन्होंने दावा किया कि ओमिका को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, गरियाबंद में हो रहे अनियमितताओं का खुलासा करने की कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। 12 अप्रैल को ओमिका की गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने पति सोहन साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं अब भाई गावेंद्र ध्रुव ने आरोप लगाया है कि बहन द्वारा की गई शिकायतों से प्रभावित लोगों ने ही पति को बहकाया और हत्या के लिए उकसाया।

**अनियमितताओं का किया था पर्दाफाश-** गावेंद्र ने बताया कि ओमिका कस्तूरबा विद्यालय में पदस्थ थी। जनवरी माह में तत्कालीन अधीक्षिका अमिता मेढे द्वारा उसे हटाने की शिकायत की गई थी। ओमिका ने इस शिकायत का जवाब देते हुए खुद को निर्दोष बताया और अधीक्षिका द्वारा की जा रही अनियमितताओं की जानकारी विभागीय अधिकारियों को दी। इस पर 6 फरवरी को कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने विद्यालय का निरीक्षण किया और अनियमितताओं की पुष्टि होने अधीक्षिका को 10 फरवरी को कार्यमुक्त कर दिया। निरीक्षण में यह भी पाया गया था कि छात्राओं को जबरन परिसर से बाहर ले जाया जाता था और पति एवं देवर को परिसर में प्रवेश की अनुमति दी जाती थी। इन बिंदुओं को गंभीर मानते हुए कार्रवाई की गई थी।

**हत्या के लिए जीजा को बहकाया गया, शिकायत करने पर मिली सजा : गावेंद्र ध्रुव**







### अभी तक नहीं हुई पुलिस में लिखित शिकायत

भाई गावेंद्र ध्रुव ने इस मामले में नए एंगल से जांच की मांग की है। हालांकि, अब तक इस संबंध में कोई लिखित शिकायत पुलिस में दर्ज नहीं कराई गई है। एडिशनल एसपी जितेंद्र चंद्राकर ने कहा कि यदि कोई शिकायत मिलती है तो जांच की जाएगी।

### न्यायालय में लंबित है अधीक्षिका की याचिका

उल्लेखनीय है कि हटाए जाने के बाद अधीक्षिका अमिता मेढे ने न्यायालय का रुख किया था। 4 मार्च को न्यायालय ने स्थिति यथावत रखने का आदेश दिया है। हालांकि प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

### तनाव में थी ओमिका, कोतवाली पोस्टिंग की कर रही थी कोशिश

भाई के अनुसार ओमिका तनाव में थी। 29 मार्च से 7 अप्रैल तक उसने छुट्टी ली थी। परिजनों ने छुट्टी बढ़ाने की मांग भी की थी। इस दौरान वह मैनपुर स्थित विद्यालय पहुंची थी, जहां से पुलिस की मदद से उसे वापस लाया गया। बताया गया कि नई अधीक्षिका का रवैया भी ओमिका के प्रति ठीक नहीं था। ओमिका कोतवाली में पोस्टिंग के लिए प्रयासरत थी और 12 अप्रैल को आदेश लेने पति के साथ निकली थी, लेकिन रास्ते में उसकी हत्या कर दी गई।

# विधायक ने किया बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अभनपुर

डॉ. भीमराव अंबेडकर सेवा समिति के नेतृत्व एवं ग्रामवासियों के सहयोग से भीमराव के 134वी जंयती उपलक्ष्य पर नवा रायपुर स्थित ग्राम खंडवा के अंबेडकर चौक में बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा का अनावरण विधायक इन्द्रकुमार साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते कहा कि डॉ. भीमराव के कारण ही सबको बराबर सम्मान मिल पाया है बाबा साहब के कृतित्व एवं व्यक्तित्व हम सबके लिए प्रेरणादायक है। विधायक श्री साहू ने लोगों को बाबा साहब के जीवन आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर विधायक द्वारा नव निर्वाचित सरपंच एवं पंचों का सम्मान किया गया।



कार्यक्रम में विशेष अतिथि जिपं सदस्य चंद्रकला ध्रुव, जनपद सदस्य संतराम साहू, पूर्व सभापति राजू तारवानी, सरपंच सुशीला भारती, उपसरपंच गजेंद्र वर्मा, गीता यादव, मनोहर भारती, नरेंद्र कुमार साहू, अवध राम यादव, अजय भारती, भूपेश बारले, खीर दास, भारती तिलक बारल, राजेंद्र सिन्हा, अनिल अग्रवाल, झाड़ू राम सिन्हा, संजय बंजारे, छबिलाल महिलांगे, भागीरथी बारले, जगदीश भारती, संजय भारती, नंदलाल वर्मा, मनोहर आडील, संजय मिश्रा, हलिना आडील, दुर्गा ध्रुव, अनीता बारले, मानिकलाल, ठाकुरराम, विजय आलोक, नवीन, छवि, शुभम, हरिलाल पटेल, सूरज, चांद, मनसुखा व सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### उल्बा में मनाई गई आंबेडकर जयंती

**अभनपुर।** ग्राम पंचायत उल्बा में संविधान निर्माता भारत रत्न, बाबा भीमराव अंबेडकर का जयंती मनाया गया। जयंती के अवसर पर बाबा साहब के प्रतिमा में पूजा अर्चना कर पुष्पांजली अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत उल्बा सरपंच नेहरू लाल साहू ने संबोधित करते हुए कहा की बाबा साहब के द्वारा लिखित, विस्तृत, व्यापक एवं स्पष्ट संविधान हमें समृद्ध, संगठित और ताकतवर बनाता है। बाबा साहब के जीवन का एक-एक क्षण अनुकरणीय है। सामाजिक समरसता, मानवतावाद, सर्व समाज का विकास उनका अध्यय रहा है। बाबा साहब दलित, पीड़ित, शोषण का मसीहा है। सरपंच नेहरू साहू के द्वारा गांव के बड़े बुजुर्गों को गमछा एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। विशेष आमसभा बैठक का आयोजन किया गया। प्रमुख रूप से उपस्थित रहे उप सरपंच सुशीला सोनवानी, लोकेश यादव, गायत्री तारक,भोजेश्वर धिवर, मोगरा ध्रुव, दिलेश्वर कोसले, भुवनेश्वरी तारक, चंद्रबली भारद्वाज, रुखमणी राठी, आकाश शर्मा, कल्याण धृतलहरे,समारु डहरिया, ठाकुर राम ध्रुव, शशि कुर्रे, बृजेश पांडे, जितेंद्र डहरिया, चैतराम सपहा, दीपांशु सोनवानी, गोलू मारकंडे, सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पूर्व जिपं सभापति ने मुख्यमंत्री से सीबीआई जांच की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

पूर्व जिला पंचायत सभापति श्रीमति धनमति यादव ने राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर पिछले दिनों नन्ही बालिका के साथ हुए दुष्कर्म मामले में सीबीआई जॉच करवा कर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग किया है। पूर्व जिला पंचायत सभापति धनमति यादव ने बताया की यह घटना बेहद शर्मनाक घटना है जिसकी जितनी निंदा किया जाये कम है इस घटना का सीबीआई जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही किया जाए।

### नेशनल लोक अदालत 10 को किया जा रहा व्यापक प्रचार-प्रसार

**महासमुंद।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन आगामी 10 मई दिन शनिवार को आयोजित किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के प्रबंध कार्यालय के अधिकार मित्र हरिचंद साहू द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की सचिव आफरीन बानो के कुशल मार्गदर्शन में प्रबंध कार्यालय सहित जिले के विभिन्न आरक्षी केन्द्रों में पदस्थ पैरालिगल वॉलेटिंयर (अधिकार मित्रों) द्वारा अपने अपने थानाक्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में जाकर व्यापक रूप से नेशनल लोक अदालत के आयोजन के बारे में नागरिकों को बताया जा रहा है। इसके अलावा प्री-लिटिगेशन प्रस्तुत करने वाले वित्तीय संस्थाओं, बैकों, शासकीय कार्यालयों तथा ग्रामीण क्षेत्रों के हाट बाजार व गांवों में जाकर बैनर पंपलेट के माध्यम से नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है जिससे अधिक से अधिक संख्या में राजस्व अथवा सिविल मामले जो पुराने अथवा वर्तमान में उपन्न होने वाले मामलों को लोक अदालत के माध्यम से सरल एवं सुलभ आपसी समझौते के आधार पर निराकरण किया जा सकेगा।

# प्रदेशभर की मानस मंडलियों ने दी प्रस्तुति श्रोताओं ने लिया श्रीराम भक्ति का आनंद





**पंचकोशी धाम कोपरा में त्रिदिवसीय राज्य स्तरीय मानसगान महोत्सव संपन्न**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोपरा/ गरियाबंद

नगर पंचायत कोपरा स्थित पंचकोशी धाम में आयोजित त्रिदिवसीय राज्य स्तरीय संगीतमय मानसगान एवं व्याख्यान महोत्सव का भव्य समापन हो गया। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की कृपा और नगरवासियों के सहयोग से आयोजित इस धार्मिक आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ 10 अप्रैल को दीप प्रज्वलन से हुआ। मंच संचालन राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक मन्नालाल देवदास ने किया। वहीं नगर पुरोहित मेघानंद शुक्ला की उपस्थिति में आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हुआ। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आईं मानस मंडलियों ने श्रीरामचरितमानस


▸▸ शेष पेज 12 पर


**क्रेडा विभाग द्वारा नहीं दिया जा रहा है ध्यान, स्ट्रीट लाइट बंद**

# लाखों रुपए खर्च कर दर्जनों ग्रामों में लगाए थे सौर ऊर्जा के उपकरण, अधिकांश बंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

- ग्रामीणों ने कलेक्टर से स्ट्रीट लाइट सुधार कराने की मांग की

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र अंतर्गत दर्जनों ग्रामों में क्रेडा विभाग द्वारा लाखों रुपए खर्चा कर कई गांवों में सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट लगाया गया है लेकिन देख रेख के अभाव में स्ट्रीट लाइट की स्थिति बेहद खराब होती जा रही है। शिकायत के बावजूद भी कोई सुधार नहीं होने से ग्रामीणों में नराजगी देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों ने गरियाबंद जिले के कलेक्टर दीपक अग्रवाल से मांग किया है कि स्ट्रीट लाइट की सुधार करवाई जाए। ग्राम पंचायत इंदागांव के ग्रामीण दामुधर नागेश ने सुशासन तिहार में आवेदन देकर बताया कि ग्राम पंचायत इंदागांव में विधायक मद से दो स्थानों पर सोलर स्ट्रीट लाइट लगाया गया था जिसके प्रारंभ होने के तीन माह बाद ही हवा पानी से टूटकर स्ट्रीट लाईट बंद हो गया है। इस संबंध में ग्रामीणों के द्वारा कई बार निर्माण एजेंसी से बात करने पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है क्रेडा विभाग से भी शिकायत किया जा चुका है लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया की ग्राम पंचायत ग्रामसभा की बैठक में प्रस्ताव बनाकर भेजने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है। वहीं दूसरी ओर विशेष पिछड़ी कमार जन जाति ग्राम कुल्हाड़ीघाट में भी सौर ऊर्जा से संचालित होने वाले सौर स्ट्रीट लाइट खराब पड़े हुए है लेकिन इसकी मरम्मत नहीं किया जा रहा है एक पखवाड़े पहले मरम्मत के नाम पर स्ट्रीट लाइट को नीचे उतारा गया था लेकिन जस की तस है।





# बेलर क्षेत्र में हजारों एकड़ की फसल व नहर सूखी



**छुईहा बेलर।** बेलर क्षेत्र में पानी के अभाव में सूख रही है, क्षेत्र में हजारों एकड़ में रबी में धान की फसल लगी है। सिकासेर जलाशय से मिल रहे पानी विगत कुछ दिन से नहर में पानी नहीं आ रहा है। नहर बिल्कुल सूखी है। प्रचंड गर्मी व तेज धूप से धान की फसल सूख रही है। खेतों में दरारे पड़ गई है, इससे किसान के माथे पर चिंता की लकीर साफ दिखाई दे रही है।

तेज धूप से धरती तप रही है। नहरों में पानी नहीं है। मनोज साहू बेलर ने बताया नहर में बिल्कुल पानी नहि आ रहा है ,नहर बिल्कुल सुखी है। फसल के लिए पानी की दरकार है। सिंचाई विभाग एंव जनप्रतिनिधि से खेत तक पानी पहुंचे, इसकी मांग की है।

# दोहरी अनुमति की प्रक्रिया को हटाकर बनाया आसान

# छत्तीसगढ़ में पेट्रोल पंप के लिए लाइसेंस की अनिवार्यता खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए पेट्रोलियम रिटेल आउटलेट्स यानी पेट्रोल पंप के लिए राज्य स्तर पर लाइसेंस की अनिवार्यता को खत्म कर दिया है। यह बदलाव 14 नवंबर 2024 को खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग की ओर से जारी एक अधिसूचना के जरिए लागू किया गया है। अब पेट्रोल पंप खोलने के लिए व्यवसायियों को सिर्फ केंद्रीय पेट्रोलियम अधिनियम के नियमों का पालन करना होगा। पहले की दोहरी अनुमति की प्रक्रिया को हटाकर इसे आसान बना दिया गया है।

पहले पेट्रोल पंप शुरू करने के लिए व्यवसायियों को कलेक्टर के माध्यम से खाद्य विभाग से क्रय विक्रय का लाइसेंस प्राप्त करना होता था। प्रत्येक वर्ष अथवा तीन वर्ष में एक बार लाइसेंस का रिन्यूवल कराना होता था। राज्य शासन और केंद्र, दोनों जगह से अनुमति लेने की दोहरी प्रक्रिया से समय और पैसा दोनों खर्च होते थे, साथ ही कागजी कार्रवाई भी बढ़ जाती थी। अब केवल केंद्र के नियमों का पालन करना काफी होगा। इससे व्यवसायियों को राहत मिलेगी और पेट्रोल पंप खोलने की प्रक्रिया तेज और सस्ती हो जाएगी। यह कदम छत्तीसगढ़ में व्यवसाय को बढ़ावा देने और नियमों को सरल बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव है। नए व्यवसायी, खासकर छोटे उद्यमी और तेल कंपनियां, बिना ज्यादा परेशानी के अपना काम शुरू कर सकेंगे। यह सुधार ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में पेट्रोल पंप खोलने को बढ़ावा देगा, जहां अभी ईंधन की पहुंच कम है।

पेट्रोल पंप खोलने सिर्फ केंद्रीय पेट्रोलियम अधिनियम के नियमों का पालन करना होगा



### राज्य और जनता को यह लाभ

बदलाव से छत्तीसगढ़ में ईंधन की उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे लोगों को पेट्रोल-डीजल आसानी से मिल सकेगा। खासकर उन इलाकों में, जहां अभी पेट्रोल पंप कम हैं, वहां सुविधा बेहतर होगी। साथ ही, नए पेट्रोल पंप खुलने से राज्य में निवेश बढ़ेगा और बुनियादी ढांचे का विकास होगा। यह सरकार के उस लक्ष्य को भी पूरा करता है, जिसमें व्यवसाय करने में आसानी और आर्थिक विकास पर जोर दिया गया है।

### छत्तीसगढ़ बन रहा व्यवसाय के लिए आकर्षक- साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में व्यवसायों के लिए अनुकूल माहौल बनाने को लेकर गंभीर है। नियमों को सरल करके और अनावश्यक बाधाओं को हटाकर राज्य उद्योग, व्यवसाय को सहूलियत और निवेश को प्रोत्साहित करने की दिशा में काम कर रही है। इससे न सिर्फ व्यवसायियों को फायदा होगा, बल्कि राज्य की जनता को भी बेहतर सेवाएं मिलेंगी। छत्तीसगढ़ सरकार के इस निर्णय से पेट्रोल पंप खोलना आसान हो गया है। यह कदम न केवल सभी क्षेत्रों में ईंधन की पहुंच बढ़ाएगा, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेगा।

## खबर संक्षेप



### प्राचीन दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर से निकाली शोभायात्रा

**रायपुर।** फाफाडीह रमण मंदिर वार्ड स्थित श्री पिपलेश्वर महादेव दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर में 17वें वर्ष हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष हनुमान जनमोत्सव शनिवार पड़ने की वजह से भक्तों में हनुमानजी के प्रति और भी अधिक भक्तिभाव देखा गया। मंदिर समिति संयोजक घनश्याम राजू तिवारी ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें विशेष रूप दुर्ग से बुलवाई गई भगवान श्रीराम भक्त हनुमानजी की मूर्ति रथ पर सवार झांकी ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। लल्लू महराज एवं अंशु महराज की भजन मंडली द्वारा देर रात्रि तक संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान भजन की प्रस्तुति ने भक्तों का मन मोह लिया। मंदिर समिति संयोजक श्री तिवारी ने श्री हनुमान जन्मोत्सव 2025 के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रम को सफल बनाने समिति सदस्यों एवं आयोजन में पधारे समस्त माताओं, भाई, बहनों, युवा भक्तों का आभार ज्ञापित किया।

### हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा

**रायपुर।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रामभक्त सेना के तत्वाधान में शंकर नगर प्रखण्ड से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। केनाल लिंकिंग रोड स्थिति संकटमोचक हनुमान मंदिर से शोभायात्रा शुरू हुई। रात्रि 12 बजे मरीन ड्राइव तेलीबांधा सरोवर के समीप भव्य आतिशबाजी एवं महाआरती की गई। आयोजन में मुख्य रूप से रामभक्त सेना के प्रांत संयोजक राज विक्रम, भीम महानंद, धीरज मंधानी, कान्हा बघेल सहित बड़ी संख्या में रामभक्त सैनिक शामिल हुए।

### छात्रावास खोलने की मांग, मंत्री नेताम को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में स्नातकोत्तर बालक और बालिकाओं के लिए छात्रावास खोलने की मांग को लेकर आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर शासकीय अन्य पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास मोतीनगर के अध्यक्ष पुनेश्वर साहू और उपाध्यक्ष पूनम धीवर ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के हित को ध्यान में रखते हुए विभिन्न जिलों में बालक-बालिका छात्रावास संचालित किए जा रहे हैं, लेकिन अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए प्रदेश में स्नातकोत्तर छात्रावास नहीं होने के कारण बहुत से छात्र-छात्राएं स्नातकोत्तर स्तरीय अध्ययन से वंचित हो जाते हैं। इस पर विभागीय मंत्री ने मौखिक स्वीकृति प्रदान करते हुए भरोसा दिया है कि हम इस विषय पर जल्द ही पहल करेंगे।

पेज 11 का शेष...

### प्रदेशभर की मानस...

के प्रसंगों को संगीतमय शैली में प्रस्तुत किया। भक्ति रस में डूबी इन प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। आयोजक समिति एवं नगरवासियों ने महोत्सव की सफलता पर प्रसन्नता जताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने की बात कही।

## दोनों राज्यों की सहमति के बाद निराकरण से बढ़ा जल प्रवाह

# छत्तीसगढ़-ओडिशा के बीच सुलझ गया इंद्रावती-जोरा नाला विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच इंद्रावती नदी पर बना जोरा नाला कई वर्षों तक विवाद में रहा। अब यह सुलझ गया है। नदी में साढ़े तीन करोड़ की लागत से इंद्रावती-जोरा नाला के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में जमा सिल्ट, लूज बोल्डर, पत्थर, रेत की बोरी, मिट्टी इत्यादि को स्थाई रूप से नदी से बाहर करने के लिए उड़ीसा राज्य के द्वारा तैयारी की जा रही है। इससे पानी का बहाव नैसर्गिक तरीके से होता रहेगा एवं छत्तीसगढ़ राज्य को अपने हिस्से का 50 प्रतिशत पानी मिलना शुरू होगा। स्थायी समाधान के लिए एजेंसी तय कर जून 2025 तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और सिंचाई मंत्री केदार कश्यप की पहल से यह साकार हो रहा है। गर्मी शुरू होते ही इंद्रावती में जल संकट गहराने लगा था। सिंचाई मंत्री केदार कश्यप ने राजस्थान के उदयपुर में केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जल परिषद की बैठक में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। बैठक में उड़ीसा के सीएम और जल संसाधन विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। समस्या को देखते हुए तय हुआ कि इसका समाधन निकाला जाए। मुख्यमंत्री साय ने इसी बीच उड़ीसा प्रवास के दौरान वहां के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी के साथ मुलाकात में इस मुद्दे पर ध्यान दिलाया। दोनों राज्यों के सिंचाई विभाग एवं प्रशासनिक अमले के द्वारा इसका संयुक्त अवलोकन किया। इसके बाद अस्थाई तौर पर छत्तीसगढ़ की ओर जल प्रवाह में रुकावट बन रही समस्याओं का निराकरण किया गया। छत्तीसगढ़ को यहां से 16 प्रतिशत पानी मिलता था, वह बढ़कर 49 प्रतिशत पहुंच गया है। समझौते के अनुसार दोनों राज्यों का 50:50 प्रतिशत पानी का करार है।

## 50-50 प्रतिशत पानी दोनों राज्यों को मिलेगा




इंद्रावती- जोरा नाला पर बनेगा पक्का स्ट्रक्चर

बताया गया है कि जोरा नाला की समस्या की जड़ ग्राम सूतपदर है, जहां उड़ीसा सीमा पर इन्द्रावती दो धाराओं में बंट जाती है। एक धारा इन्द्रावती नदी के रूप में पांच किलोमीटर उड़ीसा में बहकर ग्राम भेजापदर से छत्तीसगढ़ में प्रवेश करती है। यह आगे जगदलपुर और चित्रकोट होते हुए गोदावरी में मिलती है। दूसरी धारा जोरा नाला के रूप में 12 किलोमीटर बहकर शबरी नदी में मिलती है। पहले दोनों धाराओं में पानी बराबर बंटता था। समय के साथ जोरा नाला का बहाव बढ़ता गया और इन्द्रावती का बहाव घटता गया। छत्तीसगढ़ और उड़ीसा के प्रमुख अभियंताओं की बैठक में निर्णय लिया गया कि इन्द्रावती जोरा नाला संगम पर 50-50 प्रतिशत जल बंटवारे के लिए पक्का स्ट्रक्चर बनाया जाएगा।

### अवरोध हटने से बढ़ा जल प्रवाह

छत्तीसगढ़ जल संसाधन विभाग द्वारा 11 अप्रैल को हाइड्रोलिक कंट्रोल स्ट्रक्चर का मापन कर देखा गया कि इंद्रावती नदी में जल का प्रवाह 11 क्यूमेक हो गया जो मार्च के अंतिम सप्ताह में 2 क्यूमेक तक गिर गया था। इंद्रावती में बढ़े जल प्रवाह का लाभ छत्तीसगढ़ राज्य को भी मिल रहा है। अब राज्य की ओर 5.4 क्यूमेक जल प्रवाहित हो रहा है। दोनों राज्यों की संयुक्त टीम ने इंद्रावती-जोरा नाला के मुहाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बनी सहमति के अनुसार, हाइड्रोलिक कंट्रोल स्ट्रक्चर के अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम में जमा रेत, लूज बोल्डर, रेत बोरी और अन्य अवरोधों को हटाकर अस्थायी रास्ता बनाया गया।

### स्थायी समाधान की दिशा में प्रयास

दोनों राज्यों के बीच सचिव स्तरीय चर्चा में बस्तर जिले में गहराते पेयजल संकट को दृष्टिगत रखते हुए जल संसाधन विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के हितों की रक्षा और जल बंटवारे को सुनिश्चित करने के लिए स्थायी समाधान पर जोर दिया गया। इन्द्रावती-जोरा नाला मुहाने पर बने हाइड्रोलिक कंट्रोल स्ट्रक्चर के दोनों ओर जमा रेत, पत्थर, मिट्टी और अन्य अवरोधों को स्थायी रूप से हटाने उड़ीसा सरकार को प्रस्तुत साढ़े तीन करोड़ रुपये के प्राक्कलन को जल्द स्वीकृति के लिए सचिव जल संसाधन उड़ीसा ने सहमति दी है। स्वीकृति के बाद एजेंसी तय कर जून 2025 तक कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

# मंत्री वर्मा ने किया पुस्तक का विमोचन, शिक्षक का सम्मान



**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में शिक्षा और आपदा जागरूकता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में 'आपदा प्रबंधन एवं बचाव' नामक राज्य स्तरीय पुस्तक का विमोचन पिछले दिनो न्यू सर्किट हाउस, सिविल लाइन रायपुर में आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस पुस्तक की संपादनकर्ता, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका के. शारदा हैं, जिन्होंने राज्य के विभिन्न सभी जिलों के समर्पित शिक्षकों की एक टीम बनाकर इस बहुपयोगी पुस्तक का निर्माण किया। इस पुस्तक की विशेषता यह है कि इसमें क्यूआर कोड्स जोड़े गए हैं, जिन्हें स्कैन करने पर छात्र वीडियो सामग्री देख सकते हैं,वीडियो न केवल पाठ्यवस्तु को सरल और रोचक ढंग से प्रस्तुत करते हैं, बल्कि उनमें एनिमेशन, रीयल–लाइफ उदाहरण और मॉकड्रिल भी शामिल हैं, जो बच्चों की समझ को और गहरा बनाते हैं। इस पुस्तक में गरियाबंद जिला के शिक्षिका समीक्षा गायकवड़ सेजेस राजिम संतोष कुमार तारक सहायक शिक्षक प्राथमिक विद्यालय शुक्लाभाठा मैनपुर के लेख को स्थान दिया गया है। इस ऐतिहासिक अवसर पर सभी सहभागी शिक्षकों का सम्मान भी किया गया, जो प्रदेश के शैक्षिक एवं आपदा प्रबंधन क्षेत्र में एक नई दिशा की ओर संकेत करता है। पुस्तक के सह संपादक श्री धर्मानंद गोजे है और बुक प्रभारी प्रीति शांडिल्य जी है जिनके सहयोग से यह पुस्तक समय पर संपन्न हुई।



### बेलर में नवमीं का परीणाम घोषित

**छुईहा बेलर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलर स्थानीय परीक्षा परिणाम 2025 नवमीं, ग्यारहवीं का मंगलवार घोषित किया। प्रचार्य कमल पांडे द्वारा पूर्व उपसरपंच बेलर खोमन साहू, शिक्षक स्टाप पर की उपस्थिति में परिणाम जारी किया। जिसमें कक्षा नवमी प्रथम कुमारी क्षमा 94.7 प्रतिशत दूसरा कुमारी धरना साहू 93.8, तीसरा तमेश 89.7 तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

# भजन व हवन से शुद्ध होता है पर्यावरण : चंदूलाल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

राज्य स्तरीय त्रि-दिवसीय भव्य संगीतमय मानसगान का आयोजन ग्राम सेंदर 10 से 13 अप्रैल तक आयोजित किए गए। वहीं 14 अप्रैल को एक द्विवसीय फाग गीत का आयोजन हुआ। समापन दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम हुआ जिसमें श्रोताओं की मंशानुरूप महाभारत कथा से जुड़े पंडवानी कार्यक्रम का लोगों आनन्द लिया। आयोजन में संरक्षण रामाधार साहू, अध्यक्ष डॉ. महेश कुंजाम, उपाध्यक्ष जनक साहू कोषाध्यक्ष योगेश देवांगन, हेमलाल साहू, सचिव तुलस वर्मा, उमेश नेताम, रामू राम साहू, परमा, तुलसी,धनी राम सेन, अजय वर्मा, मुरली, धनेश, सरपंच गामनी राकेश घृतलहरे, उपसरपंच तुलसी, जीवन सिन्हा, भागीरथी सिन्हा का अहम सहयोग रहा है। आयोजक रामायण ज्ञान प्रचार समिति द्वारा 200 अतिथियों एवं दानदाताओं तथा कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सहयोगी का प्रतीक चिन्ह,श्रीफल,अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। समापन कार्यक्रम सोमवार को किया गया जिसके मुख्यातिथि अध्यक्ष वेयरहाउस, पूर्व सांसद चंदू लाल साहू कहा कि गांव में इस तरह के आयोजन हमेशा होते रहना चाहिए। क्योंकि भजन कीर्तन और हवन की प्रतिध्वनि से वातावरण शुद्ध तो होता ही है और विचार भी शुद्ध होता है।

**राम नाम के स्मरण मात्र से दुखों का जाता है अंत-** पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू ने कहा कि यहां आए लोगों का जीवन तभी सार्थक होगा, जब हम अपने जीवन में भी रामायण की शिक्षा को आत्मसात करेंगे। अध्यक्ष राभमस लाला साहू ने कहा कि राम-नाम में इतनी ताकत है कि उनके स्मरण मात्र से ही सभी दुखों का अंत हो जाता है। कार्यक्रम का संचालन उद्घोषक सुरेश शर्मा पाण्डुका थे।

इस दौरान पूर्व सांसद चून्नी लाल साहू, अध्यक्ष राममंदिर लाला साहू, पूर्व पार्षद राजिम नंदकिशोर शर्मा, सुरेश साहू, सेवा निवृत्त उपसंचालक रामजी सिन्हा, उपसरपंच पोड रमाकांत साहू, सरपंच बिजली पद्मा निषाद, पूर्व सरपंच बिजली मोती राम निषाद, पूर्व सरपंच चरभट्ठी ओमप्रकाश साहू, पूर्व उपसरपंच गजेन्द्र निषाद, पूर्व जनपद सदस्य किर्ति निषाद, सरकंडा पूर्व सरपंच मनोज यदु, पूर्व सरपंच उदे राम, पूर्व सरपंच परसदाकला मिथलेश साहू, पूर्व सरपंच रोबा मंगलू साहू, सुशील शर्मा, संतोष यादव, अध्यक्ष सिन्हा समाज ओमप्रकाश सिन्हा रूपेश साहू,थे। महारती में पुरे गांव सहित आसपास की महिलाएं शाम को आरती में शामिल हुए।

# कौंदकेरा के अटल टिंकरिंग लैब में डॉ. भीमराव की मनाई गई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोपरा




फिंगेश्वर ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौन्दकेरा के अटल टिंकरिंग लैब में डा. भीम राव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। स्कूल के अटल टिंकरींग लैब के ईंचार्ज मिनाक्षी शर्मा ने बताया कि नीति आयोग के गाइड लाइन के अनुसार एटीएल लैब कौन्दकेरा में सविंधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर के जन्मदिवस को प्रत्येक अटल टिंकरींग लैब मे संस्था व अन्य स्कूलों के छात्र -छात्रों को संलग्न कर कम्युनिटी डे के रुप में मनाया गया। इसी तारतम्य में संस्था के एटीएल लैब में कौन्दकेरा संकुल के अंतर्गत आने वाले

6 अलग अलग पूर्व माध्यमिक विद्यालय के 36 छात्र -छात्रा व 6 शिक्षक तथा समुदाय से छात्र गण, भूतपुर्व छात्र व जनप्रतिनिधि कम्युनिटी डे आयोजन में शामिल हुए। जिसमें ओंकार साहू अध्यक्ष शाला विकास समीति, राधिका यादव सरपंच कौन्दकेरा, चांदनी साहू उपसरपंच तथा शिक्षाविद सोमप्रकाश साहू ने मुख्य वक्ता के रूप में बाबा साहब के जीवन आदर्श को छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणास्पद बताया तथा शाला विकास समिति के सभी सदस्य के साथ साथ ग्राम कौन्दकेरा कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में संकुल समन्वयक नरेश साहू व संस्था से दीनू राम यदु, खेलावन सिन्हा, चंद्रिका प्रसाद साहू, छगन लाल साहू, एकता दुबे, लक्ष्मी यदु, अंजू डेकर, स्मृति चंद्रवंशी, लक्ष्मण राम साहू, दुष्यंत वर्मा, हरिश्चंद्र निषाद, अजय साव, परमेश्वर निषाद , कृष्णा कंसारी, मीरा साहू उपस्थित रहे।

### सरकडा में मनाई गई बाबा साहेब की 135वीं जयंती

**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत सरकडा में हर्षोल्लास के साथ बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। सरपंच अमिता मनोज दूबे ने कहा की बोधिसत्व, विश्वरत्न, महामानव, संविधान निर्माता कानून के ज्ञाता डॉ. बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर जी की जन्म जयंती ग्राम पंचायत भवन सरकडा में पंचायत पंच प्रतिनिधियों, ग्रामवासियों द्वारा भव्य तरीके से ग्राम में पैदल भ्रमण कर बाबासाहेब की छायाचित्र व भारत का संविधान तथा हाथों में नीले झंडे के साथ भ्रमण कर शिक्षा, समानता, अधिकार के प्रति जागरूक संदेश देते हुए ग्राम की महिला-पुरुष, युवा, बुजुर्ग ने संविधान की रक्षा करने तथा गांव में शिक्षा को हर गरीब बच्चों को उनकी अहमियत एवं संविधान से मिले अधिकारों को ग्राम के समस्त नागरिकों को बताने का संकल्प लिया। ग्राम पंचायत सरकडा में बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर जी की 135वीं जन्म जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सरपंच अमिता यदू,उपसरप शेखर निषाद, पंच उमा ध्रुव, टीमन ध्रुव, यशोदा कमार, सीमा सिन्हा, अनिता साहू, प्रमिला कोर्राम, रामनारायण, ग्राम प्रमुख कुमार सिन्हा, अंजोर निषाद, प्रकाश ध्रुव, राजेन्द ध्रुव तोरख यादव, अनिल साहू, भीमराज तारक उपस्थित थे।



# संस्कृति और समरसता को धरोहर के रूप में सजोकर रखे : कौशल्या

**राजिम।** मंगलवार को राजिम के प्रेमरतन पैलेस में कारीगर समूह की संस्थापक सोमा शर्मा, सह-आयोजक नीरज शर्मा द्वारा आयोजित गरिमामय समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय ने मां सरस्वती की पूजा कर अपने उद्बोधन की शुरूआत राधे-राधे बोलकर शुरू किया। उन्होने भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी और भगवान श्री राजीव लोचन के जयकारे के साथ ही बहुत ही सरल और सहज रूप में कहने लगी कि इस मंच पर दो विधायक राजिम और अभनपुर बैठे है। सामने दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों से उन्होने पूछ लिया कि इन दोनों विधायकों से आप लोग खुश तो है न? यदि खुश है तब बोलुंगी। श्रीमती साय ने कहा कि मीडिया के साथी सामने बैठे हुए है। इनके माध्यम से हमारी कही गई बातें दूर तक जाती है। उन्होने सीधा-सीधा कहा कि हमारी संस्कृति और समरसता के वातावरण को धरोहर के रूप में सजोकर रखना





है। छत्तीसगढ़ के इस संस्कृति के ऊपर हम सबको गर्व करना चाहिए। उन्होने प्रकृति के साथ हो रहे खिलवाड़ के प्रति चिंता जाहिर किया। पेड़ बहुत कट रहे हैं लिहाजा अधिक से अधिक पेड़ लगाएं ताकि पर्यावरण की रक्षा हो सके। एक पेड़ मां के नाम तो लगाना ही है, दूसरा पेड़ पिता जी के नाम से लगाना है।

**सामाजिक समरसता और भाईचारे के साथ रहे-** इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू और अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के सुशासन की सरकार है। आगे बढ़ने के लिए मेहनत की जरूरत है। कारीगर टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कुल 125 विशिष्ट व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश सांखला सहित बड़ी संख्या में पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे। प्रारंभ में सीएम की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय का उपस्थित जनसमुदाय ने बुके भेंटकर शानदार स्वागत किया। कार्यक्रम के आयोजक सोमा शर्मा ने श्रीमती साय का सम्मान स्मृति चिन्ह भेंटकर किया।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला-गरियाबंद, मो.: 79871-24123

**खबर संक्षेप**

## टीकमशरण ने देहारगुड़ा में दी जोरदार प्रस्तुति



**मैनपुर।** विकासखंड मुख्यालय से लगे आदर्श ग्राम पंचायत देहारगुड़ा लंबे अंतराल के बाद माहौल भक्तिमय हुआ। छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कीर्तनकार टीकम शरण ग्राम हरदी छुरा निवासी के द्वारा रात्रि 12 बजे तक राम रस का पान कराया गया। इस संबंध में ग्राम पंचायत के सरपंच महेश कुमार दीवान ने बताया कि एक लंबी अंतराल के बाद ग्राम पंचायत में लोगों को भक्तिभाव का आनंद हुआ है। सामाजिक, राजनीतिक कार्यक्रम होता था लेकिन धार्मिक आयोजन नहीं हो पा रहा था सामाजिक समरसता सभी को एक सूत्र में बांधने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम कराया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों का सहयोग भरपूर प्राप्त हुआ है आगे बताया कि टीकम शरण के द्वारा मनुष्य को जीवन में कैसे रहना चाहिए के संबंध में विस्तार से बताया गया कार्यक्रम में राम रस में झूमते रहे। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महेश दीवान सरपंच, पवन दीवान, देवन नेताम, चित्रसेन पटेल, गोविंद पटेल, जुगलाल दीवान, सदा राम, लीलाधर दीवान, संजय दीवान, दुर्गा प्रसाद कोमर्रा, लोकेश्वर काशी, शिवचरण चिन्डा, भारत कुलदीप, यमराज ओटी, नीलकुंवर ध्रुवा उपसरपंच, तोकेश्वरी दीवान, नील कुमारी साण्डे, पीलाबाई कोमर्रा, नीलम दीवान के अलावा सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बरभांठा में मनाई गई आंबेडकर जयंती



**महासमुंद।** ग्राम बरभांठा में भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ . बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। सबसे पहले डॉ . बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की छाया चित्र में आरती, पुष्प माला, श्रीफल, गुलाल से स्वागत कर वार्ड 11 पंच भारत टंडन ने ध्वजारोहण किया। उसके बाद प्रसाद व मिठाई वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से देवेंद्र राय अध्यक्ष (सराईपाली धान खरीदी केंद्र) व सरपंच प्रतिनिधि, भारत टंडन पंच वार्ड 11,लखन ध्रुव पंच वार्ड 08, जीवराखन, गोवर्धन, टेकराम, अर्जुन, डेविड, रतिराम, दसरथ, जया आवड़े, रेवती कुर्रे, थामिन, शैलेंद्री, कौशिल्या, राखी, शांति, सुमन, चांदनी, सुनीता, माधुरी, पुष्पा, टोपेश, टेंगनू, सुखीराम, त्रिलोचन ध्रुव, कुमार, बरातू, मेहत्तर, पुरुषोतम, आकाश, खुलेश आदि की उपस्थिति रही ।

## भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई

**बिरकोनी।** ग्राम पंचायत अछरीडीह में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। उक्त कार्यक्रम में सरपंच आसकरण सोनवानी, उप सरपंच आकाश निषाद, विधायक प्रतिनिधि मानिक सोनवानी, भाजपा नेता विजय साहू, राजेश कुमार साहू, एवं समस्त पंच गण व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

**जयंती : बाबाकुटी धाम आश्रम में डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वी जयंती मनाई गई**

# संविधान निर्माण में डॉ. आंबेडकर की भूमिका अहम : विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

जिले के फिंगेश्वर विकास खण्ड स्थित बाबा कुटी धाम आश्रम में सोमवार को बाबा साहब भीम राव आंबेडकर की 134 वी जयंती बड़ी धूमधाम से चार जिले के अहिरवार समाज के लोगों ने मनाया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक समानीय रोहित साहू, अध्यक्षता धुव कुमार मिर्धा अध्यक्ष छग चर्म शिल्पकार बोर्ड, विशिष्टअथिति महिला बाल विकास सभापति नंदनी ओंकार साहू सदस्य जिला पंचायत गरियाबंद, धर्मेंद्र चौरे, सर्व रविदास समाज कार्यकारी अध्यक्ष छग विजय कुमार मेहरा सर्व रविदास समाज अध्यक्ष छग रामनारायण टांडेकर, फिगेश्वर जनपद सभापति नंदू राम यादव, सरपंच पदमा मोती निषाद, पूर्व वनसभापति रजनी सतीश चौरे के आतिथ्य में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम संचालन सितोस झूल्पेकर द्वारा किया गया। महासभा के अध्यक्ष सतीश चौरे व सचिव सुखदेव मालेकर व उनकी टीम ने कार्यक्रम को सुचारु रूप से संचालित किया। विधायक रोहित साहू ने कहा की संविधान निर्माता के रूप में सभी को सम्मानित करने के लिए देश विदेश के लिए संविधान बनाने का काम किया है। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के बताए बात आज हर समाज को साथ लेकर चले रहे हैं, समाज ल एक साथ जोड़े के काम और ये देश के संविधान के अनुभूति प्रदान करने के लिए जो भूमिका निभाए है जो भारत देश के संविधान निर्माता के रूप में भीमराव अम्बेडकर जी के अहम भूमिका है।



### बाबा कुटी धाम तक सीसी रोड बनाने की घोषणा

वहीं साहू जी ने अहिरवार समाज के लिए सामुदायिक भवन की घोषणा के साथ में मेन रोड से बाबा कुटी धाम तक सीसी रोड बनाने की भी घोषणा की। महिला बाल विकास सभापति नंदनी ओंकार साहू ने भी टीना शेड के लिए 5 लाख की घोषणा की, चर्म शिल्प बोर्ड के अध्यक्ष धुव कुमार मिर्धा ने भी वाटर कूलर देने की घोसणा की। जनपद सभापति नंदू यादव ने भी पेवर ब्लाक लगाने की घोषणा की। सरपंच ने भी जमीन उपलब्ध कराने की बात की मंच में भाषण विधायक रोहित साहू, धुव कुमार मिर्धा, नंदनी ओंकार साहू, नंदू यादव, सरपंच पदमा मोती निषाद, धर्मेंद्र चौरे, रजनी चौरे, रवि विदानी, यादराम टांडेकर, सतीश चौरे, आदि ने संबोधित किया कार्यक्रम में चारो जिले रायपुर, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी के अहिरवार समाज के 500 लोगों ने सिरकत की।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम उपस्थित समाज के लोग एवं पदाधिकारी रंजीत भांडेकर, दुर्गेश भांडेकर डमरू चौरे, नरेश चौरे, नंद चौरे, ईस्वर बिंझेकर, भूपेंद्र बिंझेकर, दसरथ बिंझेकर, विष्णु भांडेकर, मनहारण भांडेकर, सागर जगने, लीलेस जगने, प्रताप जगने, राकेश गावधरे, खेलचंद पाटले, तुलसी बाई चौरे , साधना चौरे, सुस्मिता चौरे, चहक चौरे, संतोषी बिंझेकर, किरण बिंझेकर, गायत्री जगने, ओम्बाई जगने, मोक्ष चौरे, चन्द्रकुमार विरदानी, राधेश्याम बिंझेडकर, राहुल बिंझेडकर, बलदाऊ मालेकर, संत राम मालेकर, नेहा बिंझाडेकर, गंगा धर बिंझाडेकर, हेमलाल टांडेकर, रवि विदानी, यादराम टांडेकर, देवेंद्र टांडेकर, घनश्याम बिंझेकर, धर्मेंद्र बिंझेकर, अश्वनी चौरे, त्रिलोक बारे, रोहित टांडेकर, गुलाब भांडेकर, बेदू भोंडेकर, मधु साहू, लीला बाई, पोखन साहू, गोरी साहू, कीर्तन, दसोदा, खेमिन, सूरज उपस्थिति थे।



## संजय नगर में मनाई गई आंबेडकर जयंती

**छुरा।** भारत रत्न भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती संजय नगर छुरा में मनाई गई। सतनामी समाज तहसील परिक्षेत्र छुरा एवं सतनामी कर्मचारी अधिकारी छुरा के संयुक्त तत्वाधान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतनामी समाज तहसील परिक्षेत्र छुरा के संरक्षक लक्ष्मी दास सोनवानी, विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष समारु कोसले, उपाध्यक्ष गौकरण घृतलहरे, महंत प्रदीप बघेल, गंगासागर मारकंडे मंचस्थ रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात सचिव राजकुमार लहरे के द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। उपाध्यक्ष प्रखर वक्ता गौकरण घृतलहरे ने भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। कवि लेखक दीनदयाल टंडन ने नारी के उत्थान पर सुंदर कविता बाबा भीम महान की प्रस्तुति दी। रेशम कोसले ने संविधान में वर्णित विभिन्न आरक्षणों से अवगत कराया। ललित बंजारे ने बाबा के द्वारा संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों की जानकारी दी। अशोक सेवई शिक्षक ने बाबा साहब पर स्वरचित मनमोहक कविता सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध किए। मंच संचालन प्रवक्ता डाहरू कोसले द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी गण सचिव राजकुमार लहरे, प्रवक्ता महामंत्री डाहरू कोसले, कोषाध्यक्ष दीन दयाल टंडन, मीडिया प्रभारी रूपनाथ बंजारे, भीम आर्मी ब्लॉक अध्यक्ष जीवन जांगड़े रेखाराम बंदे कोमल मांडले एवं कर्मचारी गण नंद झरोखा कुर्रे ललित बंजारे अशोक सेवई व्यास बंजारे आत्मा सोनवानी रवि सोनवानी कमलेश मारकंडे आगर दास अजगले संजीव निराला अश्वनी कौशल दिनदयाल टंडन रेशम कोसले राजेश अजगले एवं नगर के नागरिक उपस्थित रहे।



## सड़क परसूली में मनी अंबेडकर जयंती

**गरियाबंद।** संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती सड़क परसुली में मनाया गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लालिमा पारस ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत गरियाबंद ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में लालिमा ठाकुर ने कहा की डॉक्टर अंबेडकर के संघर्षपूर्ण जीवन, उनके विचारों और सामाजिक न्याय, समानता एवं एकता के प्रति उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। श्रीमती ठाकुर ने कहा की महिलाओं के अधिकारों और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने जो कार्य किए हैं वह आज भी प्रेरणादायक है उनका जीवन हमें समता मूलक समाज की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग दिखाता है इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद के उपाध्यक्ष श्री लेख राम साहू, जनपद सदस्य प्रगति देवांगन, ग्राम पंचायत की सरपंच ललेशिया बाई ठाकुर एवं धनी राम साहू, बंशी लाल साहू सहित आदि ग्रामीण उपस्थिति रहे।

# बाबा साहेब के सिद्धांतों का अनुसरण कर आगे बढ़ें : लोकेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड के राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र के ग्राम जरहीडीह मे जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम एवं ग्राम पंचायत अड़गडी सरपंच श्रीमती फूलमती नेताम के विशेष सहयोग एवं क्षेत्र भर के सैकड़ो ग्रामीणों की उपस्थिति में बाबा साहेब अंबेडकर के मूर्ति का अनावरण कर बड़ी धूमधाम से 134 वीं जन्म जयंती मनाई गई जिसमें क्षेत्र भर के जनपद सदस्य, सरपंच, उपसरपंच, वार्ड पंच, झाँकर, पटेल, अधिकारी कर्मचारी सहित जय अंबेडकरवादी युवा संगठन के पदाधिकारी सैकड़ो की संख्या में शामिल होकर विशाल शोभा यात्रा के साक्षी बने। जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने बाबा साहब के सिद्धांतों का अनुकरण कर हक अधिकार के लिए सदा सैद्धांतिक तरीके से संघर्ष के लिए हर कदम को आगे बढ़ाने की बात कही। पंचायत अड़गडी के सरपंच फूलमती नेताम ने समस्त अतिथियों को जय अंबेडकरवादी युवा संगठन के साथ मिलकर सम्मानित किया गया। दीपक कुमार सूर्यवंशी एवं उनके टीम द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर पर बना थीम का सजीव चित्रण कर खूब सुर्खियां बटोरी। विशाल सभा को जनपद सदस्य फूलचंद मरकाम, रमूला बाई मरकाम, सरपंच शोभा घनश्याम मरकाम, सरपंच कोचेंगा दीनाचंद मरकाम, पूर्व सरपंच अड़गडी कृष्ण कुमार नेताम, जय अंबेडकरवादी युवा संगठन के अध्यक्ष पतंग मरकाम, पूर्व उपसरपंच शोभा संजय देववंशी, वरिष्ठ शिक्षक हेमराज ध्रुव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ समाजसेवी पूरन मेश्राम ने किया। इस मौके पर विशेष रूप से जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, लोकेश्वरी नेताम, थाना प्रभारी शोभा जयसिंह धुर्वे, जनपद सदस्य फूलचंद मरकाम, रमूला बाई मरकाम, सरपंच अड़गडी फूलमती नेताम, सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण कुमार नेताम, सरपंच शोभा धनश्याम मरकाम, सरपंच कोचेंगा दीनाचंद मरकाम, सरपंच गरहाडीह शंकर लाल नेताम, सरपंच गोना, नरेश कुमार नेताम, वरिष्ठ शिक्षक हेमराज ध्रुव, पवन ठाकुर, हेमंत पटेल, जय अंबेडकरवादी संगठन के अध्यक्ष पतंग मरकाम, पुरुषोत्तम परदे, रोहन नेताम, नकुल नागेश, संजय देववंशी, गणेशराम नेताम, श्रवण मरकाम, मंगलुराम मरकाम, शामिल रहे।

■ जरहीडीह में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का हुआ अनावरण



# बाबा आंबेडकर विद्वान और समाज सुधारक थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति संयुक्त मोर्चा संघ सहित आसपास के जनप्रतिनिधि और ग्राम प्रमुखों द्वारा भारतरत्न, देश के प्रथम कानून मंत्री बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के अवसर पर सामाजिक समरसता दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। सभी आमंत्रित अतिथियों ने बाबा साहेब की छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। शिवमगल किण्डो ने कहा कि सभी प्रकार के भेदभाव को भूलाकर देश की एकता और प्रगति के लिए काम करना, उन्होंने सभी को बाबा साहेब के दिए समता, समानता और सुरक्षा के मूल्यों के बारे में जागरूक किया। इसी कड़ी में पूर्व सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर एक प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ नेता, दार्शनिक लेखक, अर्थशास्त्री, न्यायविद, बहू भावविद, धर्म दर्शन के विद्वान और एक समाज सुधारक थे। उपसरपंच परमेश्वर ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा वहां शेरनी का दूध है, जो पिएगा, वह दहाड़ेगा। बाबा ने यहां भी कहा था कि मैं ऐसे धर्म को मानता हूं जो स्वतंत्रता, समानता, और भाई चारा सीखाये,यह उनके विचारों की ताकत को दिखाता है। उनके विचारों की आधुनिकता का अंदाजा उनके विचारों से लगाया जा सकता है। सेवा निवृत्त शिक्षक दयाराम नागेश ने कहा कि आज जो हमारे देश में संविधान बना है वो डॉ साहब की देन है। जिन्होंने अपने जीवन को समाज को न्याय और समानता की दिशा में बदलने के लिए समर्पित किया। जनपद सदस्य सभापति सुखराम ठाकुर ने कहा कि अपने जीवन में अनेक सामाजिक बाधाओं और भेदभाव का सामना करना पड़ा, फिर भी उन्होंने हार नहीं मानी। इस अवसर पर भूपेन्द्र मरकाम, रविसिग, अशोक ठाकुर, भावसिह मरकाम, खेमसिंह, मूलचंद सोरी, गुलाब सिंह, बिसाहू ठाकुर, दीपक कुमार, राजकुमार श्रीवास, हेमसिग, शिवशंकर जयसवाल, कमलेश्वर नायक, नंदकिशोर यादव, देवलाल बारिक, कुबेर बारिक, ठाकुर राम यादव, योगराम, अमरसिंह, खेमचंद ताण्डी, बाबूलाल, सहित युवा साथी, महिलाएं भी उपस्थित थे।

## मुड़तराई में मनाई गई डॉ. आंबेडकर जयंती

**कोपरा।** भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जगह -जगह कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कोपरा क्षेत्र के ग्राम मुड़तराई में युवाओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। जिसमें पूर्व जनपद उपाध्यक्ष एवं युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष योगेश साहू, पहल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हुलास साहू डोमू ध्रुव सहित अनेक लोग शामिल हुए तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया। युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष योगेश साहू ने कहा कि डॉ. आंबेडकर एक महान शिक्षाविद समाज सुधारक विधि ज्ञाता संविधान निर्माता और भारत के प्रथम कानून मंत्री थे। उन्होंने सामाजिक, आर्थिक शैक्षणिक, विधिक सभी क्षेत्रों में अपनी भूमिका निभाई और एक ऐसे भारत का सपना देखा जिसमें सभी लोग समानता हो। पंच नारायण वर्मा ने कहा कि बाबा साहेब ने पूरी दुनिया को यह संदेश दिया कि अगर कुछ करने की इच्छा प्रबल हो तो व्यक्ति कुछ भी कर सकता है। उनके संदेशों को आत्मसात करने और उससे प्रेरित होने से आगे बढ़ने की नई दिशा हमें मिलेगी। इस दौरान प्रमुख रूप से पंच नारायण वर्मा, ललिता साहू, लोमेश्वरी ध्रुव, पूर्णिमा ध्रुव,पीतांबर ध्रुव, गबरू वर्मा ,भीम ध्रुव, डोमेन्द्र दिवान, नीरज वर्मा, फुलेल वर्मा, राकेश ध्रुव, धनेश ध्रुव, धनंजय ध्रुव तथा ग्राम पंचायत के पंचगण एवं अनेक ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।





## पंचायत परसदा में मनी आंबेडकर जयंती

**नवापारा-राजिम।** ग्राम पंचायत परसदा में बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच रमेश वर्मा ने बाबा साहेब के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि डॉ अम्बेडकर एक महान विचारक, विधिवेत्ता समाज सुधारक एवं भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार थे। वे भारत को एक आधुनिक लोकता्त्रिरक और न्यायपूर्ण देश बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीकू यादव ने कहा कि शिक्षा वह रास्ता है जिसे पढ़कर या ग्रहण कर तरक्की के सारे रास्ते खोल सकते है। इस अवसर पर रोजगार सहायिका माधुरी साहू, कोटवार रिखीराम, गिरीराज वर्मा, गजेंद्र वर्मा, गायत्री यादव, प्रमीला तारक, रूही साहू व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# भाजपा मंडल ने अरंड में मनाई आंबेडकर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं भारत रत्न से सम्मानित देश के प्रथम कानून मंत्री बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भाजपा मंडल राजिम द्वारा ग्राम अरंड में पदाधिकारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने बाबा साहेब जी के मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी जयंती पर नमन कर संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। इस कार्यक्रम को राजिम न.प अध्यक्ष महेश यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, सोमप्रकाश साहू, आशीष शिंदे ने संबोधित कर अंबेडकर जी के द्वारा देश और समाज के लिए की गई योगदान को बताया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्रामीणों महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं एवं भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने आंबेडकर जयंती पर सभी को मिठाई खिलाकर बधाई दिया। कार्यक्रम में पूर्व ज़िप सदस्य मधुबाला रात्रे, भारत सिन्हा, जितेंद्र पेंदरिया, युवराज साहू, राजेश परमार, चमन पटेल, मोती साहू, लिकम साहू, बूथ अध्यक्ष दीपक साहू, सरपंच चुम्मन साहू, बूथ अध्यक्ष श्यामलाल, बूथ अध्यक्ष नन्दकुमार विशवकर्मा, किशोर साहू, लेखचंद मल्होत्रा, रामानुज साहू, गोपाल लहरे, गुलाबचंद लहरे, भोजराम मल्होत्रा, श्यामू आडिल, गौकरण, ओंकार मल्होत्रा, संतोष साहू, जानकी लहरे, गंगा ध्रुव, सफूरा मल्होत्रा, रेवती साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।




